परियोजनाओं के लिए भूमि अधिगृहीत कर ली है ;

(ङ) राज्य सरकार ने इस बारे में क्या रवैया अपनाया है ; और

(च) क्या सरकार राज्य सरकार की सहायता से इन गैर-सरकारी कम्पनियों के लिए विद्युत बाण्ड्स जारी करने का विचार रखती है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

उत्तर प्रदेश में गैर-सरकारी क्षेत्र के विद्युत संयंत्र

7877. **श्री संघ प्रिय गौतम** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से राज्य में गैर-सरकारी क्षेत्र में विद्युत संयंत्र स्थापित किए जाने के सम्बन्ध में कोई सिफारिश की है ;

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है और इन संयंत्रों की अनुमानित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी है ;

(ग) उस राज्य में गैर-सरकारी क्षेत्रीय में विद्युत संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) ऐसे प्रस्तावों को औसतन कितने समय में स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) और (ख) उत्तर प्रदेश सरकार का 4872 मे०वा० की क्षमता अभिवृद्धि हेतु निजी क्षेत्र में 18 विद्युत परियोजनाए अधिष्ठापित करने का प्रस्ताव है ।

(ग) और (घ) भारत सरकार परियोजनाओं के लिए अपेक्षित स्वीकृतियों में तेजी प्रदान करने के लिए जहां कहीं भी आवश्यक हो, राज्य सरकार के प्रवर्तकों को सहायता प्रदान कर रही है। जैसे ही आवश्यक निवेशों स्वीकृतियों के संबंध में प्रस्ताव को अन्तिम रूप दिया जाता है, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (के० वि०प्रा०) इन्हें अपनी तकनीकी आर्थिक स्वीकृति प्रदान करता है ।

बिजली की बरबादी को रोकना

7878. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई ऐसी तकनीक अपनाने का सुझाव दिया है जिसके प्रयोग से बड़े पैमाने पर बिजली की बरबादी को रोका जा सकता है ;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन कराया है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं ;

(घ) उक्त तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है ; और

(ङ) विद्युत उत्पादन को कम खर्चीला बनाने के लिए अनुसंधान और विकास के सम्बन्ध में क्या प्रयास किए जा रहे हैं जिससे कि उपभोक्ताओं को बिजली सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा सके ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) से (घ) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने "शहरी क्षेत्रों में विद्युत उत्पादन संयंत्रों और आटोमोबाइल्स में प्रदूषण नियंत्रण हेतु पूर्व-अपेक्षाएं" शीर्षक से एक पत्र परिपत्रित